## खबर संक्षेप

### 54 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 08 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 07 स्थानों पर दबिश देकर कुल 54 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई।

### सड़क हादसे में एक की मौत, दो गंभीर

**मानपुर।** विधानसभा मुख्यालय के ब्लाक कालोनी के पास सोमवार की शाम दो मोटर साइकल में आमने-सामने जोर दार भिडंत हो गई, उक्त घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई तो दो गंभीर घायलों को समुचित इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

मिली जानकारी अनुसार ग्राम हड़हां तहसील नौरोजाबाद निवासी तीन युवक जो शराब के नशे में धुत्त होकर एक ही मोटर साइकल में सवार होकर मानपुर के ग्राम पटेहरा जा रहे थे, जो भटक कर ब्लाक कालोनी तरफ पहुंच गए, वहीं सामने से ग्राम अमिलिया निवासी युवक मानपुर तरफ आ रहा था, तभी अचानक दोनो में जोरदार एक्सीडेंट हो गया, जिस कारण अमिलिया निवासी युवक रवि चौधरी पिता नंद कुमार चौधरी उम्र करीब 30 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं इस हादसे में ग्राम हड़हा तहसील नौरोजाबाद निवासी सिया राम बैगा पिता टिर्रा बैगा एवं सोमनाथ बैगा पिता भारत बैगा गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हे इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना की जानकारी लगते ही मानपुर थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और घायलों को तत्काल मानपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचवाया देखते ही देखते अस्पताल परिसर में भीड़ इक_ी हो गई, वहीं मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया कि अभी कुछ ही दिनों बाद घर में शादी कार्यक्रम सम्पन्न होना था और यह हृदय विदारक घटना से सामना करना पड़ रहा है।

शक्ति स्थलों में दर्शनों के अभिलाषी भक्तों का लगा तांता

# चैत्र नवरात्रि शुरूः माता के जयकारों से गूंज उठीं दिशाएं

**शहडोल।** शक्ति आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि मंगलवार से प्रारम्भ हो चुका है। चहुंओर अम्बे मां की उपासना प्रारंभ हो चुकी है। शक्ति स्थलों व देवी मंदिरों में माता रानी की पूजा अर्चना शुरू कर दी गई है। घरों में भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर व्रत लिया है। मंदिरों में दीप प्रज्वलित किए गए हैं। जल ढारने व हवन पूजन की व्यवस्था की गई है। नगर के मध्य स्थित मां दुर्गा का विराटेश्वरी धाम, पुलिस लाइन स्थित मां शारदा मंदिर, अंतरा ग्राम स्थित मां कंकाली माता का मंदिर, पाली रोड स्थित बूढ़ी माता मंदिर आदि प्रसिद्ध स्थलों की विशेष सज्जा कर भक्तों के लिए पूजा-अर्चना व बच्चों के मुण्डन, कर्णछेदन आदि संस्कारों के लिए व्यवस्था की गईं हैं। भटिया की मां सिंहवाहनी की पूजा अर्चना के लिए पुलिस व्यवस्था के साथ हवन पूजन की व्यवस्थाएं की गईं हैं। माता के दर्शनों के लिए भक्तों की कतार लग रही है। खोल्हाड़ स्थित माता गौरी के मंदिर में भक्तों का तांता लग रहा है।





### मां कंकाली की अद्भुत आभा

सिद्ध शक्ति स्थलों के रूप में अंतरा ग्राम स्थित मां कंकाली का धाम विश्वविख्यात है। जिला मुख्यालय से मात्र 13 किलोमीटर दूर स्थित माता का यह धाम अपनी विशेष आभा के कारण विख्यात है। शक्ति आराधना और अन्य साधनाओं का यह केन्द्र माना जाता है। माता का स्वरूप चौसठ योगिनी का स्वरूप है। माता यहां कंकाल रूप में विराजी है इसीलिए इनका नाम कंकाली मांता पड़ा। विकराल रूप के साथ कंकाली माता की भुजाओं में मां चामुंडा विराजमान हैं। क्रोध के भाव के साथ शरीर के स्थान पर हड्डियों का ढांचा कंकाल मात्र होने के कारण इनका स्वरूप अद्भुत और विचित्र सा है। कहा जाता है कि देवी ने चंड और मुंड नाम के दो दैत्यों का संहार किया था। मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित मुख्य प्रतिमा मां चामुंडा की है जिन्हें कंकाली देवी के रूप में सभी जानते हैं। इसी प्रतिमा के दायीं ओर शारदा और बायीं ओर सिंहवाहिनी की अष्टभुजी प्रतिमा स्थापित है।

### कंकाली मंदिर है शैव्य मत का प्रतीक

मंदिर के पुजारी बताते हैं कि कंकाली माता मंदिर के चारों ओर देवियां विराजमान हैं। मंदिर की ख्याति के कारण लोग दूर-दूर से दर्शन करने के लिए यहां लिए पहुंचते हैं। इस भव्य मंदिर और दिव्य प्रतिमा का इतिहास वर्षों पुराना है। कंकाली मंदिर और प्रतिमा 10 वीं और 11वीं सदी के कलचुरी काल की बताई जाती है। तब यहां शक्ति आराधक शैव्य मत प्रचलित था। अन्य कई स्थानों में भगवान शिव के अद्भुत मंदिर भी बने हैं। प्रत्येक नवरात्रि पर कंकाली धाम में जवारे बोए जाते हैं। इस बार भी जवारे कलश बड़ी मात्रा में मंदिर परिसर में स्थापित किए गए हैं। साथ ही विभिन्न लोगों के द्वारा यहां पर प्रतिदिन भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है, इसे प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंच रहे हैं। अपनी अनूठी ऐतिहासिकता और कंकाल स्वरूप की प्रतिमा होने के कारण यह मंदिर पूरे देश विदेश में लोगों की आस्था का केन्द्र है।

### भजन मण्डली की व्यवस्थाएं

प्रसिद्ध शक्ति स्थलों में माता के भाव पूर्ण भजन, भगत व कीर्तन की व्यवस्थाएं की गईं हैं। जहां माता के स्वरूप, माता के आक्रोश व उनकी करुणा और कृपा का बखान करते हैं। माता अगर दुष्टों के दमन के लिए कराल कालिका हैं तो वे ही भक्तों के भरण पोषण के लिए अन्नपूर्णा भी हैं। वे ही मांता वैष्णवी भी हैं। भजनों और भगत में माता के इन गुणों और महिमाओं का जमकर गायन किया जाता है। माता ही अखण्ड वरदायनी है। खोल्हाड़ स्थित माता की मढ़िया में समीपी गांव की कीर्तन मण्डली भगत और कीर्तन का गायन कर रही है।

### संस्कारों के लिए व्यवस्थाएं

मां दुर्गा के विराटेश्वरी धाम, कंकाली माता मंदिर, भठिया सिंहवाहनी माता आदि मंदिरों में कथा कीर्तन आदि की तो व्यवस्थाएं हैं ही साथ ही बच्चों के मुण्डन व कर्णछेदन, विद्या-पाटी संस्कार आदि की भी व्यवस्थाएं हैं। इन संस्कारों के लिए यहां भीड़ लगी रहती है। इन स्थलों में भण्डारे प्रसाद की भी व्यवस्थाएं हैं, साथ ही कार्यक्रमों में व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस की भी व्यवस्था की गई है। मंदिर ट्रस्ट ने जल ढारने के लिए कतार लगाने की सुविधा प्रदान की है।

## एनएसयूआई ने मनाया 54 वां स्थापना दिवस




**शहडोल।** एनएसयूआई के 54वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनएसयूआई शहडोल ने श्रीमती इंदिरा गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं एनएसयूआई का ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान गाया गया एवं कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद एनएसयूआई संगठन के इतिहास पर प्रकाश डाला। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्रीमती इंदिरा गांधी ने 1971 में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की स्थापना की थीं, जो आज देश का सबसे बड़ा एवं पुराना छात्र संगठन है। इस अवसर पर एनएसयूआई शहडोल के जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी ने बताया कि एनएसयूआई छात्रों के हित में निष्पक्ष रूप से सदैव कार्य करती रहीं है और आगे भी छात्र हित में संघर्ष करते रहेंगे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, शुभम सोंधिया, सिमरन कौर, अमन तिवारी, मृत्युंजय, महेन्द्र, राज, हिमांशु, साहिल, अरमान, प्रवीन पीयूष सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

## गुड़ी पड़वा-चैत्र नवरात्र के अवसर पर गौशाला में हुए कार्यक्रम

**शहडोल।** गौ संवर्धन बोर्ड भोपाल के निर्देशन में 9 अप्रैल को गौशाला पद्मानिया के श्री श्याम गौशाला में गोवंश की पूजा-अर्चना कर गुड खिलाकर माल्यार्पण किया गया, गौवंश रक्षण वर्ष 2024 -25 के उपलक्ष्य में वर्ष भर विभिन्न तिथियां में कार्यक्रम बैठक एवं अन्य पशुओं का टीकाकरण, ट्रैकिंग, स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाने को लेकर बैठक की गई। साथ ही कार्यक्रम में उपसंचालक डॉ. उमेश कुमार मिश्रा, राजकुमार तिवारी, डॉ. विनीत केसरी, संतोष पतवार, गौशाला संचालक समिति के अध्यक्ष पवन खंडेलिया, बृजेश प्यासी, अशोक मिश्रा, देवेंद्र पांडेय, संतोष द्विवेदी, रघुनायक मिश्रा, रामलाल यादव, निर्मल सिंह, हेतराम बैगा, श्रीमती प्रेम बाई बैग,



सुनीता बैग, राम यादव, राकेश गुप्ता, मनीष सराफ, अभिषेक गुप्ता सहित गौ सेवक उपस्थित रहे। अंत में गौशाला में वृक्षारोपण कर एवं गौरक्षा, गौ संवर्धन (आज की आवश्यकता) गीता प्रेस गोरखपुर पुस्तक का वितरण भी किया गया।

## 12 वारंटियों की तामीली



**मानपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता नायडू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमरिया-पाली के निर्देशन में उमरिया पुलिस द्वारा लगातार स्थाई वारंटियों की धरपकड़ की जा रही है, इसी कड़ी में विगत 24 घंटो में अनुभाग, थाना स्तर पर गठित टीम द्वारा माननीय न्यायालय में लंबित सालो पुराने प्रकरणों में फरार 09 स्थाई वांरटियों जो कि गिरफ्तारी से बचने हेतु छिप रहे थे, उन्हे जिला एवं अन्यत्र जिलों (अलग-अलग स्थानों) से पकड़कर कुल 12 स्थाई वारंट तामील किये गये। उक्त कार्यवाही का उद्देश्य जिले में लोकसभा चुनाव निर्विध्न एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराना है। वारंटी मुन्ना लाल उर्फ कुल्लू बैगा निवासी वार्ड क्रमांक 15 पाली, सुरेन्द्र प्रसाद सोनी निवासी दफाई पाली, दुआसिया बाई निवासी कौडिया थाना नौरोजाबाद, मुनीन्द्र प्रसाद शुक्ला निवासी राजनगर, प्रकरण में स्थाई वारंटी), रमेश कुमार पटेल निवासी खैरा जिला रीवा (02 प्रकरण में स्थाई वारंटी), अर्जुन यादव निवासी ग्राम गाजर जिला सीधी, गौरेलाल चौधरी निवासी इंदिरा नगर जिला सीधी, गुलशन सिंह निवासी ग्राम रायपुर जिला उमरिया, लवकेश बैगा निवासी ग्राम सिगुडी जिला उमरिया (02 प्रकरण में स्थाई वारंटी) शामिल हैं। इस प्रकार उमरिया पुलिस द्वारा 09 वारंटियों को पकड़कर माननीय न्यायालय द्वारा जारी कुल 12 स्थाई वारंट तामील किये गये जिसमें थाना पाली द्वारा 02, थाना नौरोजाबाद द्वारा 05, थाना मानपुर द्वारा 02 एवं उमरिया अनुभाग स्तर पर गठित टीम द्वारा 03 स्थाई वारंट तामील किये गये। उपरोक्त कार्यवाही में संबंधित थाना प्रभारी व उनकी टीम एवं उमरिया अनुभाग स्तर पर गठित टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## विभिन्न थाना के संवेदनशील क्षेत्रों में निकाला गया फ्लैग मार्च

**शहडोल।** लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु शहडोल पुलिस एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कम्पनियों के द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में एरिया डोमीनेशन की कार्यवाही की जा रही है। 09 अप्रैल को थाना देवलोंद के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालते हुए एरिया डोमीनेशन किया गया। उक्त फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी थाना पुलिस बल के साथ सी.आर.पी.एफ. के जवान शामिल रहे। पुलिस बल द्वारा स्थानीय कस्बा भ्रमण, चंदौली, रमपुरवा, समान, वुडवा, गोपालपुर, झिरिया, जनकपुर बैरिहाई, धरी नंबर 1/2 होते हुए स्थानीय बाजार एवं अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। इसी प्रकार थाना गोहपारू के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालते हुए एरिया



डोमीनेशन किया गया। उक्त फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी गोहपारू थाना पुलिस बल के साथ सी.आर.पी.एफ. के जवान शामिल रहे। पुलिस बल द्वारा स्थानीय कस्बा भ्रमण, महरोही, बेला, भदवाही, चुहिरी, लेदरा, दियापीपर होते हुए स्थानीय बाजार एवं अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। तथा थाना जैतपुर के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालते हुए एरिया डोमीनेशन किया गया। उक्त फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी जैतपुर थाना पुलिस बल के साथ सी.आर.पी.एफ. के जवान शामिल रहे। पुलिस बल द्वारा स्थानीय कस्बा भ्रमण, रसमोहनी, घोघरी रमाकन्हेर, तेन्दूटोल, भुमकार, झींक बिजुरी, खम्हरिया, टेंघा, खांडा, रूपौला, खाम्हीडोल होते हुए स्थानीय बाजार एवं अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। शहडोल पुलिस एवं सी.आर.पी.एफ के द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण मतदान का संदेश दिया जा रहा है। पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि निर्भय होकर लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगें।

### वृद्ध की शिकायत पर हुआ मामला पंजीबद्ध

**मानपुर।** फरियादी नौरौया बैगा निवासी गाटा उम्र 90 वर्ष ने 08 अप्रैरल को थाना पहुंच कर थाना प्रभारी शरद खंपरिया से अपनी आप बीती बताया कि साहब मैं दो दिन से भूखा हूं, मुझे मेरे दोनो लड़के रामावतार बैगा और राम चरित बैगा मेरे साथ मारपीट करते है तथा मेरे भरण पोषण की जवाबदारी न लेते हुए मारपीट कर जमीन और पैसो की मांग करते हैं, थाना प्रभारी श्री खंपरिया द्वारा तुरंत प्रधान आरक्षक सूर्य प्रकाश शुक्ला को आदेशित करते हुए भोजन मांगाकर फरियादी नौरौया बैगा को भोजन कराया एवं फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी 4/24 कायम करते हुए विवेचना में लिया है।

## घर में लगी आग, सामग्री जलकर हुई. ख़ाक



### भीषण आग की वजह से बेघर हुआ आदिवासी किसान

**मानपुर।** एक आदिवासी किसान के घर में 08 अप्रैरल को अचानक आग लग जाने से घर पूरी तरह से जलकर ख़ाक हो गया। यह मामला नगर परिषद मानपुर के वार्ड नंबर-01 सेमरा का है, जहां पर किसान के घर में भीषण आग लग जाने से सब कुछ मिनटों में ही जलकर राख हो गया, हालांकि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ, परंतु इस भीषण आग से पूरा परिवार बेघर हो गया है। घर में सभी वस्तुएं कागजात, अनाज, सोना-चांदी, बिस्तर,कपड़े सहित अन्य सामग्री सब कुछ जल गया है। जैसे ही घर में आग लगी वहां वार्ड पार्षद भी आ पहुंचे और फौरन ही उनके द्वारा नगर परिषद मानपुर कार्यालय को सूचना दी गई, जिसके ठीक बाद फायर ब्रिगेड आई। आग को बुझाने में नगर परिषद के कर्मचारी फायर ब्रिगेड की मदद से आग को काबू पा लिया, तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। नगर परिषद मानपुर के वार्ड पार्षद संतलाल चौधरी द्वारा प्रशासन से मांग की गई है कि घर जलने के बाद आदिवासी रजनीश बैगा पिता दासू बैगा बेघर हो चुका है। जीवकोपार्जन की सामग्री सब कुछ जलकर नष्ट हो गई है। प्रशासन से गुजारिश किया है कि मौका मुआयना कर प्रार्थी को आर्थिक मदद करें जिससे परिवार का जीवन यापन हो सके।

## शहर में गर्मी के साथ बढ़ी बिजली की आंख मिचौनी

### ग्रामीण क्षेत्रों में जले पड़े ट्रांसफार्मर, ग्रामीण भी परेशान

**शहडोल।** गर्मी के शुरू होते ही संभाग मुख्यालय शहडोल नगर सहित जिले के ग्रामीण अंचलों में बिजली का संकट बढ़ने लगा है। दिन में कई बार बिजली गुल की जा रही है। जबकि शासन के आदेश हैं कि संभाग मुख्यालय को विद्युत अवरोध से दूर रखा जाए और यहां चौबीसो घंटे आपूर्ति की जानी चाहिए। इसके विपरीत विद्युत मण्डल मुख्यालय में भी कटौती करने से बाज नहीं आ रहा है। नगरपालिका की प्रकाश व्यवस्था भी लचर है, कुछ बस्तियों की स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं। ग्रामीण अंचलों का हाल बे हाल है, यहां 8-8 घंटे बिजली नहीं रहती, रात में भी कटौती होती है। ग्रामीणों को न तो घरों में लाइट मिलती है न खेतों की सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति हो पाती है। किसान अस्थाई



कनेक्शन लेने और पैसा भरने के बावजूद ठगा सा रह जाता है।

### बढ़ रही कटौती

शहडोल नगर में दिनरात कभी भी बिजली गुल कर दी जाती है। सरकार ने यहां करोड़ों रुपए की सुधार योजनाएं संचालित कीं। दर्जनों ट्रांसफार्मर लगवाए और कोटमा तिराहे पर एक सब स्टेशन की स्थापना कराई, सैकड़ों एलटी सर्विस लाइनें बदली गईं। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ और विद्युत अवरोध जारी है। नागरिक इस बढ़ती गर्मी में परेशान हो रहे हैं। विद्युत मण्डल रखरखाव के नाम पर जगह जगह सर्विस लाइनों में सुधार करता है और पेड़ों की शाखाएं कटवाता है, फिर भी बिजली का गुल होना बंद नहीं होता। नागरिकों का मानना है कि विद्युत मण्डल जानबूझकर बिजली गुल कर नागरिकों के लिए परेशानी बढ़ा रहा है।

### चालू नहीं हो रहे ट्रांसफार्मर

ग्रामीण क्षेत्रों में खासतौर पर गोहपारू, जयसिंहनगर और जैतपुर क्षेत्रों के ग्रामीण अंचलों में दर्जनों की संख्या में ट्रांसफार्मर जले या बिगड़े पड़े हैं बार बार आश्वासन के बावजूद विद्युत मण्डल ऐसे ट्रांसफार्मरों को बदल नहीं पा रहा है। ज्ञातव्य है कि इस बारे में पूर्व में सांसद हिमाद्री सिंह ने भी अधिकारियों की बैठक में इस बारे में चर्चा कर ट्रांसफार्मर बदलने के लिए अफसरों से कहा था लेकिन आज तक हालात वही ढाक के तीन पात ही हैं। ग्रामीणों के न तो घरों में बिजली की सुविधा है और न फसल की सिंचाई करने के लिए खेतों को बिजली मिल रही है।

### सर्विस लाइन नहीं पहुंची

कुछ दूर दराज के गांव तो ऐसे हैं जहां आज तक सौभाग्य योजना की बिजली भी नहीं पहुंची है। कई टोले ऐसे हैं जहां वर्षों में केवल सर्वे हुआ है और अभी तक वहां खंभे भी नहीं गिराए गए हैं। गांवो में न तो खंभे हैं न सर्विस लाइन है फिर बिजली कहां से आएगी। कुछ घरों में मीटर नहीं लगाए गए। एक बार कर्मचारी गांव से आने के बाद दुबारा वहां जाते ही नहीं हैं। एलटी लाइने भी नीचे झुक रहीं हैं शिकायतों के बाद भी इन्हे ऊपर नहीं खींचा जा रहा है। इससे यहां हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। विद्युत मण्डल के अधिकारी न तो फोन उठाते न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हैं।



## खबर संक्षेप

### कार्यवाहियों के संबंध में समीक्षा बैठक आज

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु चुनौती 40 के प्रकल्प के तहत शामिल मतदान केन्द्रो में शत-प्रतिशत मतदान हेतु पूर्व मे निर्धारित रणनीति के तहत कार्य किए जा रहे है। लक्ष्य की पूर्ति हेतु विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ़ के चयनित मतदान केन्द्रो के बीएलओ, पंचायत सचिव व नोडल अधिकारियो की समीक्षा बैठक 10 अप्रैल को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में अब तक की कार्यवाही एवं लक्ष्य प्राप्त हेतु कठिनाईयों के विवरण सहित निर्धारित समय व दिनांक को कलेक्ट्रेट सभागार उमरिया में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश-दिए गए है।

### बांधवगढ़ के पथ प्रदर्शकों का प्रशिक्षण आज

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान 19 अप्रैल को होना है। विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ़ में मतदान केंद्रों तक मतदान कर्मचारियो, सुरक्षा कर्मियो को छोड़ने एवं वापस लाने हेतु पथ प्रदर्शको की ड्यूटी लगाई गई है, जिनका प्रशिक्षण 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय मे आयोजित किया गया हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं वाहन प्रभारी लोक सभा निर्वाचन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमरिया, पाली, नौरोजाबाद चंदिया से कहा है कि अपने स्तर से अधीनस्थ जनपद क्षेत्र नगरीय क्षेत्र अंतर्गत, ग्राम पंचायतो में पदस्थ सचिव, रोजगार सहायकों एवं नगर पालिका, नगर परिषद क्षेत्र मे पदस्थ अमले को नियत दिनांक, समय में प्रशिक्षण में उपस्थित होने निर्देशित किया जाए।

### हथपुरा, घुनघुटी एवं पनवारी में मतदाता जागरूकता की दिलाई गई शपथ




**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन 12 अजजा शहडोल के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है । मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पाली मध्य प्रदेश सेक्टर क्रमांक-4 मालाचूआ अंतर्गत ग्राम हथपुरा एवं सेक्टर घुनघुटी ग्राम पनवारी में कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं मतदाताओ को शपथ दिलाई गई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर परामर्शदाता कौशलेश कुमार सूर्यवंशी एवं शशि साहू उपस्थित रहे।

### अवैध रेत परिवहन पर पकड़ा गया वाहन



**कोतमा।** अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने हेतु मुख्यवनसंरक्षक वनवृत शहडोल एल एल उइके एवं वनमंडलाधिकारी अनूपपुर सुश्री श्रद्धा पन्द्रे के मार्गदर्शन में तथा उपवनमंडलाधिकारी अनूपपुर पी के खत्री के निर्देशानुसार वनपरिक्षेत्र कोतमा टीम द्वारा अवैध रेत परिवहन करते हुए ट्रेक्टर वाहन को जप्त कर कार्यवाही की है। रेत से भरे वाहन को फारेस्ट कैम्पस कोतमा में लाकर खडा कराया गया है। कार्यवाही मे ए के निगम उपवनक्षेत्रपाल, जेडी धार्वे, बीटगार्ड बिहारी लाल रजक, कुशल प्रसाद मानिकपुरी, रमेश अहिरवार शामिल थे।

### 15 किमी लम्बे नेशनल हाइवे के लिए प्रतिबंध के दायरे में हैं 7 गांव

# प्रतिबंधों के बावजूद चल रहा नामांतरण व बटांकन का खेल

**शहडोल।** राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए निर्माण विभाग द्वारा सूचना दिये जाने के बावजूद संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनों की हेरा फेरी बदस्तूर जारी है। जिन 7-8 गांवों की जमीनों का नामांतरण, बटांकन रोका जाना चाहिए वहीं सर्वाधिक प्रक्रिया चल रही है। प्रशासनिक अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग को सहयोग देने की बजाय माफिया और दलालों का सहयोग कर रहे हैं। प्रशासनिक अफसरों के लिए माफिया और दलाल इतने महत्वपूर्ण हैं कि शासन की सूचना जारी होने और सोहागपुर तहसील के कई गांवो की भूमियों के लिए प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद जमीने धड़ल्ले से बेची जा रहीं है और बटांकन व रजिस्ट्रियां की जा रहीं हैं। आज जमीनों की यह अवैध खरीद फरोख्त, आने वाले समय में लम्बे विवाद का कारण बनेगा और सड़क निर्माण में मुआवजे के नाम पर अड़ंगे डालेगा। ऐसे विवाद राजस्व अमला खुद पैदा करता है। ज्ञातव्य है कि शहडोल से सगराटोला तक 15 किमी. लम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग 543 के निर्माण हेतु प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जबलपुर द्वारा प्रक्रियाएं की जा रहीं हैं और एसडीएम को सूचित कर जमीनों का स्वरूप परिवर्तन रोकने की मांग की गई है। लेकिन उनका पत्र व उनकी मांग राजस्व विभाग ने शायद रद्दी की टोकरी में डाल दी है।





#### भूमि सबंधी हो रहा प्रकाशन

मिली जानकारी अनुसार अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर द्वारा पत्र के माध्यम से लेख किया गया कि कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग रा.रा. संभाग जबलपुर द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग 543 शहडोल से सगराटोला हेतु तहसील सोहागपुर के अंतर्गत किमी 0 से 15 किमी तक प्रस्तावित बायपास के उन्नयन एवं निर्माण हेतु ग्राम कोईलारी, सेन्दुरी, विचारपुर, वासिन वीरान, फतेहपुर, जमुआ की भूमियों का 3 (ए) के प्रकाशन की कार्यवाही प्रचलित है। अतएव उक्त ग्रामों का नामांतरण बटवारा आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर के 10 अप्रैल 2023 के पालन में ग्राम कोईलारी, सेन्दुरी, विचारपुर, वासिन वीरान, फतेहपुर, गोरतरा, जमुआ स्थित ग्रामों का नामांतरण बटवारा आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर के आदेश का पालन करना सुनिश्चित करें।

#### जानकारी के बावजूद रोक टोक नहीं

एसडीएम स्वयं ही कार्यपालन यंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के संदर्भित पत्र की जानकारी बड़े अधिकारियों को दे रहे हैं इसके बावजूद वे स्वयं ही कड़ाई से उस पत्र का पालन नहीं करा पा रहे हैं। ग्राम कोईलारी, सेन्दुरी, विचारपुर, वासिन वीरान, फतेहपुर, गोरतरा, जमुआ स्थित ग्रामों का नामांतरण बटवारा आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया गया है। लेकिन मौके पर देखा जाए तो 10 अप्रैल 2023 से लेकर 8 अप्रैल 2024 तक के एक साल के अंतराल में इन्ही गावों में दर्जनों नामांतरण और बटांकन किए गए हैं। जो कि प्रतिबंध का सरासर उल्लंघन है। यह उल्लंघन राजस्व अमले की शह से हो रहा है। प्रतिबंध भले ही लगा हो लेकिन माफिया और दलालों ने इनका दायरा पार कर अपना खेल जारी रखा है।

#### सूचना मिलते ही बढ़ गया खेल

बताते हैं कि जब दलालों को इस बात की भनक लगी कि राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए प्रक्रिया चल रही है तो संबंधित गांवों में जमीनों को खुद-बुर्द करने और अधिक से अधिक अपने नाम दर्ज कराने नामांतरण और बटांकन की प्रकियाओं की बाढ़ सी आ गई और इसलिए आ गई कि जिस किसी की भी जमीन राजमार्ग के दायरे में आएगी उसके एक एक टुकड़े का मुआवजा लाखों में मिलेगा। प्रक्रिया आज भी थमी नहीं है, तहसीलदार, एसडीएम, पटवारी सभी इसमें लिप्त हैं। जब प्रक्रिया धरातल पर उतरेगी तब राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा और कार्य में विलम्ब होगा। स्थानीय लोगों और दलालों के कारण भी विकास की प्रक्रिया लम्बे समय तक प्रभावित होती रहती है।



## चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माँ बिरासिनी की हुई विशेष पूजा-अर्चना

### अपर कलेक्टर, सीईओ ने की पूजा अर्चना कर गर्भगृह में घट किया स्थापित

**उमरिया।** चैत्र नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो गया है, बैठकी के प्रथम दिन बिरसिंहपुर पाली स्थित कल्चुरी कालीन आदिशक्ति जगत जननी मां बिरासिनी देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर अपर कलेक्टर शिव गोविंद सिंह मरकाम, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया ने मां बिरासिनी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तत्पश्चात गर्भगृह में घट स्थापित किया। इस अवसर पर एसडीएम टी. आर. नाग, पुजारी एवं भक्त जन उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत द्वारा मनोकामना कलश की रसीद कटवा कर जवारे कलश का शुभारंभ भी किया।




#### विदेशों से आते हैं श्रद्धालु

विदित हो कि जिले के जनपद मुख्यालय पाली स्थित मां बिरासिनी देवी का मंदिर वर्ष भर श्रद्धालुओ के श्रद्धा का केंद्र रहता है, लेकिन नवरात्रि के दौरान बिरसिंहपुर पाली स्थित मंदिर में महिसासुर मर्दिनी रूप में बिराजी मां बिरासिनी मंदिर में श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ता है। मंदिर में हजारो कलश जलते है। मंदिर में देश के ही नहीं अपितु विदेशी श्रद्धालु यथा अमेरिका, स्वीडन, इंग्लैण्ड, कनाडा आदि देशो के भी विदेशी श्रद्धालु मंदिर ट्रस्ट द्वारा नियत शुल्क जमा कराकर कलश प्रज्जवलित कराते है।

#### महाअष्टमी में होता है विशेष श्रृंगार

बिरासिनी देवी मंदिर के लिए नवरात्रि विशेष होती है, समिति द्वारा भोग लगाकर विशाल भण्डारा आयोजित किया जाता है तथा दर्शनार्थियों को प्रसाद बांटा जाता है। मां बिरासिनी देवी को नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न नौ रूपों में दर्शन किया जाता है। महाअष्टमी के दिन देवी का विशेष श्रृंगार किया जाता है, जो स्वर्ण जडित होता है। इस मंदिर का निर्माण 10वीं शताब्दी में कलचुरी राजाओं द्वारा किया गया था। पाली स्थित मां बिरासिनी मंदिर कटनी, शहडोल रेल एवं सड़क मार्ग पर पड़ता है। ऐसा माना जाता है कि श्रद्धालुओ द्वारा कलश पूजन एवं दीपक जलाने से उनकी मनोकामनाएं पूरी होती है। रामनवमी के दिन काली नृत्य के साथ भव्य जवारा कलश यात्रा निकाली जाती है, जिसमें जिले सहित अन्य जगहो से श्रध्दालुगण शामिल होते है।

## पीला चावल भेंटकर दिया जा रहा मतदान का निमंत्रण



**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन 12 अजजा शहडोल के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान की तिथिया जैसे जैसे निकट आती जा रही है, वैसे वैसे मतदाता जागरूकता की गतिविधियां जोर पकडती जा रही है। 19 अप्रैल को 12 अजजा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र शहडोल के लिए संपन्न होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओ से घर घर संपर्क करने, नुक्कड नाटक, मतदाता जागरूकता गीत के साथ ही अब उन्हें हल्दी चावल भेंटकर मतदान करने का न्यौता दिया जा रहा है। ग्राम धूपखडा में बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाताओ से संपर्क कर उन्हें 19 अप्रैल मतदान दिवस के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने का न्यौता दिया गया एवं उनसे कहा गया कि मतदान के इस पर्व में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए मतदान अवश्य करें।

## जैतहरी में धूमधाम से मनाई जाएगी झूलेलाल जयंती

**जैतहरी।** झूलेलाल उत्सव चेटीचंड, जिसे सिंधी समाज अपने इष्टदेव भगवान वरुण अवतार श्री झूलेलाल साई जी के जन्म दिवस के रूप में मनाता चला आ रहा है, इस वर्ष 10 अप्रैल बुधवार को मनाया जा रहा है व इसी दिन से सिंधियों का नया वर्ष शुरू होता है। इस दिन सिंधी समाज अपना कारोबार बंद रख पूर्ण रूप से भगवान की आराधना में लिप्त रहता है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संपूर्ण सिन्धी समाज में हर्षोल्लास की लहर है, इसी कड़ी मे जैतहरी मे सिन्धी समाज की बैठक 29.03.2023 को संपन्न हुई, जिसमे सिन्धी पूज्य पंचायत एवम सिन्धु नवयुवक मण्डल के सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों द्वारा 10 अप्रैल बुधवार को अपने इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल साई जी का जन्मोत्सव पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष भी परम हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया है। बैठक में पूज्य सिन्धी पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी राजाराम आहूजा, खेमचन्द आहूजा, हरेश आहूजा, घनश्याम आहूजा, गिरधर आहूजा, हरीश देवानी, चतुर्भुज देवानी, वीरू पंजवानी, महेश खटवानी, अजय खटवानी, राजेश चंचलानी, नारायण मोटवानी और सिन्धु नवयुवक मण्डल जैतहरी के विनोद आहूजा, अमित कुमार आहूजा, पियूष आहूजा, पंकज आहूजा, सचदेव देवानी, मोनू मोटवानी, मुकेश देवानी, दीपक खटवानी, शुभम देवानी उपस्थित रहे, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 अप्रैल को श्री झूलेलाल जन्मोत्सव के दिन जैतहरी नगर में सिन्धी समाज की समस्त दुकाने बन्द रहेगी और समाज के सभी लोग सुबह 10 बजे वार्ड नंबर 09 में स्थित मानस भवन में श्री झूलेलाल साई की पूजा मे शामिल होंगे, तत्पश्चात भगवान श्री झूलेलाल जी के भजनों के साथ छेज लगाई जायेगी। इसके बाद दोपहर में 02 बजे मानस भवन में ही सामाजिक भोज का कार्यक्रम होगा, मानस भवन से ही शाम 04 बजे से इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल साई जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो मेन रोड से सेंट्रल बैंक से होते हुए गांधी चौक, कमानिया गेट, सिविल लाइन, परमट मोहल्ला, ताम्रकार मोहल्ला, जैन मंदिर, अहिंसा चौक, मिनी स्टेडियम, नगरपालिका चौक से होते हुए नया तालाब तक जायेगी, रात्रि 8 बजे नया तालाब में जल देवता की पूजा अर्चना कर विसर्जन कार्यक्रम होगा।



## रोशनी से जगमग मंदिर, मंदिरों में भक्तों का तांता

**कोतमा।** चैत्र नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र नवरात्र की पूजा में सबसे पहले कलश स्थापना की जाती है और फिर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की उपासना की जाती है। जिला मुख्यालय सहित कोतमा, बिजुरी, राजनगर, रामनगर, जैतहरी, वेंकटनगर, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक, चचाई, भालूमाड़ा, जमुना कालरी सहित ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार को घट स्थापना के साथ ही चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरूआत हो गई। त्योहार को लेकर सुबह से लेकर देर रात तक दर्शनार्थियों का मंदिरों में माता की पूजा अर्चना करने के लिए उमड रही थी। हर कोई माता के दर्शन के लिए ललाईत दिखा। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माता की विशेष पूजा अर्चना के साथ ही स्थापना के साथ ही मंदिरों में अखंड ज्योति एवं जवारे बोये गए। नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, जय माता दी का हुआ उद्घोष, सुबह से ही लगा है भक्तों का ताता नवरात्र के पहले दिन नगर के शारदा काली माता मंदिर पंचायती मंदिर धर्मशाला मंदिर ठाकुर बाबा धाम में स्थित कामेश्वरी माता बूढी माता मंदिर गोहांड्रा गांव स्थित काली मंदिर गोविंद कॉलोनी दुर्गा मंदिर लहसुई परासी धाम निगवानी गांव में मरखी माता मंदिर वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर के चौरा धाम मंदिर मे पूजा-अर्चना करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह 4 बजे से ही महिलाएं मंदिरों में पहुंचकर माता को जल ढारने पहुंचने लगी थी।



हिंदू पंचांग के अनुसार, 09 अप्रैल से चैत्र नवरात्र की शुरूआत हो गई है। ऐसे में कोतमा नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में धूमधाम से नवरात्र मनाया जा रहा है। नवरात्र को लेकर मंदिरों में सुरक्षा बरती जा रही है। नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने चैत्र नवरात्रि के पहले दिन पवित्र नगरी अमरकंटक में मां नर्मदा के उद्गम स्थान पर भारी संख्या में डुबकी लगाई। सुबह से ही माता के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

#### मंदिरों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

चैत्र नवरात्र पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इसको देखते हुए प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में सबसे पहले कन्याओं के पर पूजन के पश्चात आरती उतारी गई और उन्हें बैठक कन्या भोज कराया गया। उसके उपरांत कन्याओं को लाल चुनरी एवं दक्षिणा भेट की गई। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस नगर के प्रमुख मंदिरों को रोशनी से सजाया गया था। नगर के सभी मंदिर जगमग रोशनी में अलौकिक छटा बिखेर रहे थे। फूलों से सजाया गया था नगर के पंचायती मंदिर को नवरात्र के प्रथम दिवस पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया था। यह छटा देखते ही बन रही थी।

## शांति का संदेश देने किया फ्लैग मार्च

**कोतमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चुनाव में शांति व सुरक्षा का संदेश देने पुलिस ने सोमवार फ्लैग मार्च निकाला ग्रामीण क्षेत्र के निगवानी, पचखुरा, खोडरी में मेघालय से आई सशस्त्र बल की टीम के साथ थाना प्रभारी व पुलिस ने क्षेत्र का भ्रमण किया। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह ने मार्च के दौरान के मतदाताओं से संवाद करते हुए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की एवं भय मुक्त होकर मतदान का आहवान किया। पुलिस ने इस दौरान करीब 5 किलोमीटर तक पैदल फ्लैग मार्च किया साथ ही किसी भी प्रकार की कोई परेशानी या कोई गतिविधियों होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील भी की। सशस्त्र बल प्रभारी उपनिरीक्षक पुष्पराज सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा।



## 2015 से फरार चल रहा आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कोतमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शातिर बदमाश गंगाराम चौधरी उर्फ लल्लू 38 वर्ष जो वर्ष 2015 में दर्ज हुए चोरी के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस ने न्यायालय से स्थाई वारंट जारी होने पर बिजुरी क्षेत्र में छिपे होने की सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से जमानत खारिज कर न्यायालय ने जेल भेजा दिया गया वही कोतमा थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 एलआईसी के पीछे रहने वाले लल्लू चौधरी 43 वर्ष के द्वारा भतीजा दीपू चौधरी के खिलाफ गली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल उपरांत पुलिस ने आरोपी दीपू के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही की जा रही है। शिकायत अनुसार आरोपी गालियां दे रहा था जिसे मना करने पर पत्थर फेककर मारने पर खून निकल आया। जिसके बाद पुलिस में मामला दर्ज किया गया।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**शहडोल।** 23 अक्टूबर 2021 को फरियादी जयभान सिंह ने थाना गोहपारू में उपस्थित होकर रिपोर्ट लेख कराया था कि गांव में करीब एक वर्ष से सरकारी बिल्डिंग बन रही थी, जहां वह और उसके गांव के सुनील परस्ते, ओमप्रकाश परस्ते, संदीप गोड़ और दूसरे गांव के लोग मजदूरी करते थे। 22 अक्टूबर 2021 को रूपये-पैसों के विवाद पर राजू प्रसाद चौधरी को सुनील परस्ते ने लोहे का शिकंजा उठाकर उसके सिर पर मारा तो राजू वहीं गिर गया, खून बहने लगा सिर फट गया, जिसके बाद सुनील परस्ते वहीं पर शिकंजा फेक कर चला गया। राजू चौधरी को जिला अस्पताल शहडोल लेकर आये, जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए इसे जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में चिन्हित किया गया था। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शहडोल द्वारा आरोपी सुनील सिहं परस्ते पिता धन्नू सिंह परस्ते निवासी बनमनिया डोंगरी टोला, गोहपारू को भादवि की धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 10.000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरण की विवेचना तत्कालीन निरीक्षक दयाशंकर पाण्डेय द्वारा की गई तथा शासन की ओर से उक्त प्रकरण में विश्वजीत पटेल जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा पैरवी की गई।

### किसान पर बाघ ने किया हमला

**उमरिया।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ के हमले से किसान घायल हो गया है। जानकारी लगते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम ने घायल को बरही अस्पताल में भती कराया है। जिसके बाद टाइगर रिजर्व की टीम जांच में जुटी हुई है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर के सुखदास बीट के गजरा गांव में बीटीआर के जंगल के पास अपने खेत में तकवारी कर रहा था, तभी बाघ ने रविवार की रात लगभग 12 बजे किसान अशोक कोल पर हमला कर दिया। जानकारी के बाद बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर और पतौर कोर परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची। घायल अशोक को बरही जिला कटनी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम घायल के इलाज में जुटी हुई है। बीटीआर के सहायक संचालक एफएस निनामा ने बताया कि बाघ के हमले से किसान घायल हो गया। टीम ने बरही अस्पताल में भती करा दिया है, जहां उसका इलाज हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### शांति समिति की बैठक संपन्न

**ब्यौहारी।** थाना के अंतर्गत आने वाला त्यौहार ईद एवं नवरात्रि को देखते हुए व्यवहारी थाने में शांति समिति की बैठक बुलाई गई जिसमें थाना प्रभारी द्वारा गणमान्य नागरिकों एवं नगर जनों से नवरात्रि एवं ईद का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाएं जाने की अपील की उन्होंने कहा कि अराजकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी 19 अप्रैल को सीधी लोकसभा क्षेत्र में मतदान है उसे देखते हुए कड़ी सुरक्षा बढ़ती जा रही है शांति समिति की बैठक में प्रमुख रूप से थाना प्रभारी एम एल रंगडाले , चिरंजी लाल चंचलानी, रोशन नागपाल विद्यासागर गौतम, राम जी गुप्ता, मो फाखिर चांद, सूर्य भान यादव,मलिकंठ भट्ट सहित कई लोग उपस्थित थे।

### त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिले की ऐसी विधानसभा जहां 2023 के निर्वाचन में 30 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था उन मतदान केन्द्रों में बीएलओ की बैठक विधानसभावार आयोजित की जा रही है। स्वीप नोडल डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक 10 अप्रैल को आयोजित की गयी है। बैठक में स्वीप नोडल एवं सहायक स्वीप नोडल उपस्थित रहेंगे। बैठक के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभी तक किये गये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं आगामी दिनों में किये जाने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की समीक्षा की जायेगी।


### मतदान दल के अधिकारियों एवं माइक्रो आबजर्वर का द्वितीय रेण्डमाइजेशन आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो एवं तीन तथा माइक्रो आब्जवर का द्वितीय रेण्डमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में आज 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट के एनआईसी में किया जायेगा।

### सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में निर्वाचन संबंधी बैठक आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में आज 10 अप्रैल को कलेक्ट्रेट के मोहनसभागार में प्रातः 11 बजे से बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग आफीसर तथा निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### प्रचार रथ से मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक



**रीवा ।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गत 21 मार्च से प्रचार रथ भ्रमण कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार प्रचार रथ 20 अप्रैल तक भ्रमण करेंगे। इनके द्वारा मतदान केन्द्रों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में ऑडियो विजुअल माध्यम से आमजनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# फरसा अड़ा कर लाखों का पंप ले उड़ा 15 चोरों का गिरोह

## भूमिगत माइंस में चोर गिरोह ने फिर दिया वारदात को अंजाम

### कबाड़ माफियाओं ने पुलिस और सिक्योरिटी को दी खुली चुनौती

एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत राजेंद्रा भूमिगत माइंस में दिनांक 7-8 अप्रैल की दरम्यानी रात्रि को द्वितीय पारी में राजेन्द्रा माइंस में लगभग 10.15 बजे के आस- पास सबएरिया आफिस के पीछे से दिवाल कूदकर लगभग 15 चोरों ने हमला बोला एवं सब एरिया आफिस में तैनात सुरक्षाकर्मी के गले में फरसा अड़ाकर लॉगवाल सेट से पम्प का बेस/बीहा उठाकर ले गये।

धनपुरी।




फिल्मी माफिया गिरोह की तर्ज पर चोर गिरोह द्वारा चोरी किये गये सामान को ले जाने के लिए अपने चार पहिया वाहन का इस्तेमाल कर सीआईएसएफ के केंद्रीय औद्योगिक बल के जवानों के आने के ठीक पाँच मिनट पहले गिरोह वारदात को अंजाम देकर चंपत हो गया।खैरहाथाने में शिकायतचोरी के संबंध में खान प्रबंधक द्वारा पुलिस थाना खैरहा में लिखित शिकायत दी गई है जिसमें घटना के संबंध में ब्यौरा देते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। राजेंद्र भूमिगत खान प्रबंधक नें पूछे जाने पर बताया कि चोरी किये गए लॉगबाल सेट पंप की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपए की होना बताया अभी कुछ दिन ही हुए थे नया पंप लगाये जिसे कबाड़ माफिया पोषित कथित चोर गिरोह के लोग ले उड़े। प्रबंधन ने बताया कि 15- 20 की संख्या अज्ञात चोरों ने दीवाल फादकर चोरों ने खदान में प्रवेश कर गए। यह भी बताया गया कि पंप का वजन लगभग 400 के जी से ऊपर होने के बाद भी चोरों ने उठाकर चार चका वाली वाहन से निकल गए।पुलिस चौकन्नी फिर भी कांडगौरतला भाई की लोकसभा चुनाव होने के चलते इन दिनों पूरे जिले में पुलिस विशेष रूप से चौकन्नी है और आने जाने वाले वाहनों की जांच भी की जा रही है इसके बावजूद चोरों ने भारी भरकम पंप को कहा छिपा दिया है यह रहस्य बना हुआ है। अगर कालरी सिक्योरिटी गार्ड एवं पुलिस चोरी गए पंप का आसपास पूछताछ पड़ताल करें और कबाड़ ठीहों पर दबिश दी जाए तो चोरी का पता लग सकता है ।आए दिन चोरीराजेंद्रा भूमिगत मांइस से आए दिन अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी को अंजाम दिया जा रहा है चोरी को लेकर प्रबंधन परेशान है खदानों में पर्याप्त सुरक्षा बल की कमी देखी जा रही है। चोरी मौके का फायदा उठाकर जब खदान से भारी भरकम पंप चोरी हो जाती है जब फिल्मो की तरह सुरक्षा बल की एंट्री होती है जब बहुत लेट हो जाता है और फिल्म स्टाइल की तरह चोर चोरी करके रफू चक्कर हो जाते हैं तब एसआईएसएफ केंद्रीय सुरक्षा बल अपनी ड्यूटी देने खदान पहुंचते हैं।ठीहों परदबिश की दरकारराजेंद्रा भूमिगत माईस से गत दिनों अज्ञात चोरों ने खदान में प्रवेश कर लगभग चार क्विंटल बजन का पंप उठाने चोरी कर खदान बाहर ले जाने में फोर व्हीलर वाहन का इस्तेमाल और एक दर्जन से अधिक लोगों के सहयोग से ही खदान से पंप चोरी जाने की संभावना बताई जा रही है। पंप काफी वजन होने के कारण खदान के आसपास छुपाने की संभावना या फिर कबाड़ के ठीहे पर पता सजी छापा मार कार्यवाही से लाखों का पंप बरामद हो सकता है।

# कार्यपालन यंत्री की फटकार के बाद ठेकेदार ने शुरू किया काम

### जल संकट से निपटने की पी एच ई डी ने की खास तैयारी

ब्यौहारी।



लोक स्वास्थ्य यंत्रकी विभाग के कार्यपालन यांत्रि अफजल खान को जिले में कुछ महीने पहले ही कार्यपाल ने यंत्री का प्रभार मिला उसके बाद उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत बंद पड़े कार्यों को तेजी से करने का बिगड़ा उठाया जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट दूर हो सके इसी के तहत ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी ग्राम पंचायत बसही के ग्राम ऊफरी में ठेकेदार द्वारा आधी अधूरी टंकी बना करके काम बंद कर दिया गया था जैसे ही सू च ना ग्रामीणों द्वारा उनको दी गई उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ लेकर के ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई इसके बाद ठेकेदार द्वारा ग्राम ऊफरी में तेजी से काम किया जा रहा है इसके अलावा अन्य ग्राम पंचायत में भी ठेकेदारों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए उनके सख्ती का असर जिले में दिखना शुरू हो गया है और कई सारे गांव में जल जीवन मिशन के तहत लोगों को घर-घर पानी मिलना शुरू हो गया इसके अलावा जल संकट से निपटने के लिए नए स्थान पर बोर भी कराई जा रहे हैं जहां बोर है और बिजली की सुविधा है वहां पंप डालकर पाइप के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है ईस पर पी एच ई डी विभाग के शहडोल जिले के कार्यपालन यंत्री अफजल खान ने कहा है शहडोल जिले के जलसंकट वाले ग्रामीण इलाकों को हमने चिन्हित कर लिया है वहां हैंडपंप उत्खनन सहित अन्य योजनाओं के तहत कार्य किया जा रहा और ईस भीषण गर्मी में भी लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की हरसंभव कोशिश की जायेगी।

# नवरात्र में बड़ी माई मंदिर में लगेगा भक्तों का तांता

**उमरियापान।** देवी शक्ति उपासना के नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र पर आज से उमरियापान स्थित प्राचीन बड़ी माई मंदिर मे भक्तों का तांता लगेगा। सुबह 4 बजे से जल ढारने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर पूरे नौ दिनों तक शाम को महाआरती का भी आयोजन किया जाएगा। बताते हैं कल्चुरीकालीन बड़ीमाई का विशाल मंदिर दैवीय शक्ति से एक रात में बन गया था। पर्व पर अंधेलीबाग स्थित खेरमाई मंदिर, दियागढ़ के नागिन देवी मंदिर, चित्तावर माता मंदिर, समीपी ग्राम बड़ी पोंडी, पोंडीखुर्द, सिमरिया, पिपरियाशुक्ल के देवी मंदिरों व सिलौडी क्षेत्र में पाली स्थित मां विरासन देवी मंदिर और महादेवी मंदिर में श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।

# शांति समिति की बैठक संपन्न

## आगामी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं

धनपुरी ।




आगामी त्यौहारों चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, ईद उल फितर, तथा अन्य पर्व को लेकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक धनपुरी थाना में 9 अप्रैल मंगलवार शाम 5 बजे आयोजन थाना प्रभारी खेम सिंह पेट्रो, अजय श्रीवास्तव, नगरपालिका पुरुषोत्तम गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। धनपुरी थाना प्रभारी ने शांति समिति के सदस्यों के माध्यम से अपील की है कि त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जिससे जिले में किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हो तथा किसी अन्य को हमारे कारण कोई असुविधा नहीं हो। इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है, इसका उल्लंघन न हो। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की राजनैतिक गतिविधियों का आयोजन नहीं किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गत वर्षों की भांति त्यौहारों के दौरान साफ-सफाई, पेयजलापूर्ति, यातायात, सुरक्षा आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।रामनवमी का पर्व 17 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जवारा जुलूस विभिन्न स्थलों से निकाली जाएगी जो मुख्य स्थलों से होते हुए आजाद चौक होते हुए ज्वालामुखी मंदिर पहुंचेगी जहां जवारा जुलूस समाप्त होगा।ईद उल फितर 11 अप्रैल को मुस्लिम भाइयों के द्वारा ईद मनाई जाएगी। ईदगाह नरगडा के पास में सुबह 9 बजे ईद की नमाज पढ़ी जाएगी, नूरी मस्जिद, छोटी तिलैया में ईदगाह में सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज पढ़ी जाएगी।पुलिस प्रशासन, नगर पालिका, विद्युत मंडल, ट्रैफिक व्यवस्था, साफ सफाई पानी की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, माकूल व्यवस्था बनाए जाने बैठक में रखी गई है। बैठक में मैथिलीशरण गुप्त गुप्त, महेंद्र सिंह पवार, राम सिंह, पार्षद आनंद मोहन जायसवाल, पार्षद स्कंद सोनी पार्षद प्रवीण बढोलिया, पत्रकार राजू अग्रवाल लक्ष्मन सोनी, अशोक सिंह,विनय सिन्हा, मोहम्मद आजाद मुजफ्फर खान राशिद खान, सुरेश विश्वकर्मा चंद्रप्रकाश गुप्ता आलोक राय, अजय शर्मा, कैलाश महोबिया आदि लोग उपस्थिति रहे।

# विकास के नाम पर लीपापोती का आरोप भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा सीवर लाइन निर्माण

**रीवा ।** रीवा जिले के जानीमानी विंध्य बिहार कालोनी में सीवर लाइन बनाने वाले ठेकेदार ने कालोनी के रोड की ये हालत कर दी है की रोड से चार पहिया वाहन निकलना बड़ी मुस्किल काम है कब किसकी गाड़ी गड्ढे में समा जाए जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। वार्डवासियों का कहना है कि पहले सीवर लाइन की पाइप लाइन डालने के लिए सीमेंट सड़क को खोदा गया था। सड़कों की अभी तक मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। अब चैंबर बनाने के लिए दोबारा सड़क को बीच में से खोद दिया गया। चैंबर बनाने के बाद मलबे को अभी तक नहीं हटाया है। सीवर लाइन बनाने वाले ठेकेदार ने सीवर लाइन की पाइप तो डाल दी पर अच्छी खासी रोड के चिथड़े उड़ा दिए कालोनी में रहने वाले निवासियों की यह हालत है की वो अपने वाहन लेकर कालोनी से बाहर निकलने में कई घंटे तक जूझना पड़ता है वही इस संबंध में जब विंध्य बिहार कॉलोनी में ही रहने वाले एक स्थानीय आम आदमी सिविल लाइन के काम करने वाली सहज कंट्रक्शन कंपनी के एक कर्मचारी बात की तो उनका कहना है कि रोड वनाने का काम मेरा नही है ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर रोड बनाएगा कौन ? वही स्थानीय लोगो का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम का कोई भी कर्मचारी



अधिकारी कभी भी देखने तक नही आएं बरसात में घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाएगा।

### इनका कहना है

इस मामले की जानकारी आपके माध्यम से प्राप्त हुई है जल्द ही कंपनी को निर्देशित कर सुधार कार्य कराया जाएगा जिससे लोगों को आने-जाने में समस्या ना आए।

**यस एल दहायक, कार्यपालक यंत्री नगर निगम रीवा**

# ज्ञानस्थली विधालय में बच्चों को पठानी सूट,हिजाब पहनाकर करवाया जा रहा था ईद का कार्यक्रम

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जताया विरोध





**रीवा ।** सिरमौर चौराहे स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में पढ़ने बाले बच्चो को मैसेज भेजकर बच्चो को हिजाब ,कुर्ता पैजामा, जैकेट्स, टोपी पहनकर बुलाया गया था जिस पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओ को जानकरी मिलने पर बिद्यालय परिसर में पहुंचे जहां पर देखा कि विद्यालय परिसर में नर्सरी क्लास के कुछ बच्चे हिजाब टोपी पहनकर स्कूल आ रहे थे बच्चों से पूछने पर जानकारी मिली कि स्कूल प्रशासन द्वारा इस तरह के कपड़े पहनने की छूट आज दी गई और बच्चों के द्वारा बताया गया कि आज विद्यालय में ईद का कार्यक्रम मनाया जाएगा तब संगठन के द्वारा स्कूल प्रशासन से तुरंत बात की गई जिसमें पहले तो स्कूल प्रशासन द्वारा गोल-मोल जवाब दिया गया लेकिन संगठन द्वारा स्कूल प्रशासन द्वारा भेजे गए मैसेज को जिसमें स्पष्ट रूप से टोपी हिजाब पहनने की छूट थी दिखाया गया तब स्कूल प्रशासन ने अपनी गलती स्वीकार की वही स्कूल प्रशासन द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटना नहीं होगी विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री द्वारा बताया गया की हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के आज से प्रारंभ किया हो रहा है और विद्यालय प्रशासन द्वारा पर ईद का कार्यक्रम करना बिल्कुल भी उचित नहीं है जबकि बिद्यालय में 95 हिन्दू बच्चे है और उनको मदरसा जैसे तामीली शिक्षा दी जा रही है जो कतई सही नहीं है विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि ऐसी गतिविधि दोवारा पाई तो उग्र बिरोध होगा और विधालय की मान्यता निरस्त करवाने के लिए बाध्य होगा

# वेटरनरी कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



**रीवा।** जिला प्रशासन रीवा के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता का नूतन प्रयास जिला निर्वाचन अधिकारी रीवा एवं सीईओ रीवा के निर्देशानुसार आओ अपना बूथ सजाने कार्यक्रम के अंतर्गत वेटरनरी कॉलेज वार्ड क्रमांक 45 रीवा मे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान केंद्र में मतदाता जागरूकता नारे का दीवार लेखन, वॉल पेंटिंग रंगोली एवं मतदाता जागरूकता शपथ , मतदान के महत्व पर परिचर्चा आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में वेटरनरी कॉलेज के डीन अंजनी मिश्रा, सेक्टर ऑफिसर यस के श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी राजेंद्र सिंह, विशाल शुक्ला एवं बाग के सदस्य रानी साकेत ,शीतल कुशवाहा देवेंद्र पटेल अंकिता कुशवाहा, रोहित कुशवाहा सहित मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की।

# कलेक्टर ने 4 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 4 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। लोकसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। आदतन अपराधियों को बार-बार समझाइश के बावजूद इनके आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इनके कृत्यों से जनमानस में आतंक एवं भय व्याप्त है। इनका स्वच्छंद रहना आमजनता के लिए हितकर नहीं है जिसके कारण कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं सहित मऊगंज, सिंगरौली, सीधी तथा सतना जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने शंखधर शुक्ला उर्फ शंखू निवासी कपसा, अरूण साकेत उर्फ रिंकू निवासी खैरी नईबस्ती चोरहटा, शाहरूख मंसूरी उर्फ शाहरूख तमंचा निवासी पुलिस चौकी के बगल में घोघर तथा जनार्दन कोल निवासी गोधनसिंह जनेह को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया है।

## खबर संक्षेप

### शराबी प्रधान आरक्षक लाइन अटैच

**कोतमा।** पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है जिसको लेकर प्रशासन आए दिन समस्त नाका क्षेत्र एवं बार्डर पर लगातार निगरानी की जाती है। दो दिन पूर्व ही संभाग के कमिश्नर एवं एडीजी सहित कलेक्टर ने रामनगर थाना अंतर्गत चेक पोस्ट व क्षेत्र में दौरा कर ड्यूटी निभाने एवं वाहन चालकों को किसी भी प्रकार से परेशान न किए जाने के सख्त निर्देश दिए गए थे उसके बावजूद भी राजनगर थाना अंतर्गत स्टेडियम के पास बनाए गए चेक पोस्ट पर उपस्थित प्रधान आरक्षक जागेश्वर प्रधान द्वारा वाहन चालकों से अभद्रता करते हुए परेशान किए जाने की शिकायत के बाद लाइन अटैच किया गया। बताया जाता है कि वाहन चालकों ने आरोपित किया कि शराब के नशे में धुत्त रहकर प्रत्येक वाहन चालकों से गाड़ी रूकवाते हुए नाहक परेशान करने के साथ अभद्रता किए जाने की लगातार घटनाएं सामने आ रही थी जिसके बाद मंगलवार को वाहन चालकों एवं युवाओं द्वारा उक्त मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों तक किए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच किया गया। बताया जाता है कि थाना प्रभारी को जानकारी लगने के बाद तत्काल चेक पोस्ट जाकर उक्त पुलिस कर्मी को वाहन से थाना लाया गया। जिसके बाद वह वहां से कही चला गया। उक्त पुलिसकर्मी के द्वारा पिछले कई दिनों से आने-जाने वालों को लगातार परेशान किया जाता रहा है। कार्यवाही के बाद वाहन चालको ने राहत की सांस ली है।

### चलती बाइक में लगी आग, जलकर हुआ खाक



**अनूपपुर।** जिले के पुष्पराजगढ़ में एक चलती बाइक में आग लग गई। घटना में वाहन जलकर खाक हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियों कब का है, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वायरल वीडियो में चलती बाइक में आग लग गई। इस दौरान बाइक धू-धू कर जल उठी। घटना अनूपपुर के पुष्पराजगढ़ तहसील की बताई जा रही है। इसमें फेरी वाले की बाइक में पुष्पराजगढ़ के दमेहड़ी जल शोधन संयंत्र के सामने अचानक आग लग गई। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

### दीवार लेखन कर किया जा रहा मतदान के प्रति जागरूक

**अनूपपुर।** जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नोडल अधिकारी स्वीप तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न स्तर पर मतदाता जागरूकता के तहत सघन कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### चचाई के श्याम सुंदर सेन को कलेक्टर ने किया जिला बदर

**अनूपपुर।** लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर अपराधिक गतिविधियों में संलग्न तत्वों के विरुद्ध भी लगातार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष वशिष्ठ ने जिले के थाना चचाई वार्ड नंबर 6 के निवासी अनावेदक श्याम सुंदर सेन पिता स्वर्गीय रूपलाल सेन उम्र 49 वर्ष के विरुद्ध 36 आपराधिक/ इस्तगासा प्रकरण दर्ज होने व आपराधिक गतिविधियों में संलग्न पाए जाने पर अनावेदक के विरुद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 4,5 एवं 6 के अंतर्गत पंजीबद्ध कर कार्यवाही की।

# लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज

## जोर आजमाइश में जुटी भाजपा-कांग्रेस

### कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा पर साध रहे निशाना तो भाजपा भी कांग्रेस पर हमलावर

अनूपपुर।

देश में आगामी दिनों में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर शहडोल लोकसभा सीट में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। दोनों ही दल के नेता अपनी-अपनी पार्टी को बेहतर साबित करने की जोर आजमाईश में लग चुके है।





पिछले लोकसभा चुनाव में भारी जोर आजमाइश के बावजूद कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा था। दोनों ही प्रमुख दलों के नेता चुनावी मोड में है। प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर जहां वर्तमान पुष्पराजगढ़ विधायक व सांसद उम्मीदवार फुंदेलाल सिंह मार्को भाजपा पर विभिन्न मुद्दों को लेकर निशाना साध रहे है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा की ओर से सांसद प्रत्याशी हिमाद्री सिंह कांग्रेस पर हमलावर है। हिमाद्री सिंह का कहना है कि कांग्रेस ने कभी दिल से जनता की सेवा नहीं की, बल्कि अपनी जेब भरने का काम किया है। इसी का नतीजा है कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव मे शहडोल संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कांग्रेस को एक सीट छोड़कर सभी विधानसभा सीट मे पराजय का सामना करना पड़ा है।

#### शह और मात के लिए जोर आजमाइश

शहडोल लोकसभा सीट पर चुनावी बिसात में शह और मात के लिए हर जोर आजमाइश में राजनीतिक दलों के दिग्गज व प्रत्याशी जुट गए हैं। एक दूसरे के वोटों में सेंधमारी के साथ ही अपने परंपरागत मतों पर मुस्तैद निगाहें हैं। कांग्रेस ने इस बार आखिरी क्षणों में पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह को उतारकर हिंदू मतों का भाजपा की ओर ध्रुवीकरण रोकने और आधी आबादी को रिझाने की पुरजोर कोशिश की है।

#### कांग्रेस के सामने वजूद बचाने की चुनौती

जहां भाजपा पिछली बार प्रदेश की 28 सीटें जीतने के बाद इस बार सभी 29 सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर चल रही है, तो कांग्रेस के सामने संकट है कि वह अपना वजूद बचाए रखे। हालिया विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी उन क्षेत्रों में ज्यादा फोकस कर रही है, जहां पर उसने विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था।

मतदान से पहले ही चल रही चर्चा

भारत के आम चुनावों में किसी भी पार्टी की जीत को पहले से तय मान लेना हरगिज बुद्धिमानी नहीं है। लेकिन इस बार यह अजूबा ही है कि मतदान से काफी पहले से ही जोरदार चर्चा है कि भाजपा तीसरी बार सत्ता में लौटने के लिए तैयार है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से शपथ ले सकते हैं। जबकि 2019 और 2024 के बीच कई ऐसी चीजें हुई हैं, जिनका सामान्य परिस्थितियों में सत्तारूढ़ दल के वोट-आधार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

#### जीत से आश्वस्त दिख रही भाजपा

गलवान में चीन की सैन्य आक्रामकता हमारी सीमा-सुरक्षा पर सवाल उठाती है, विपक्ष के नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग लोकतांत्रिक मानकों पर बुरा असर डालता है, कॉपोर्रेट्स द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स के माध्यम से पैसा देने के बाद उन्हें पुरस्कृत करने की गरज से दिए गए बड़े कॉन्ट्रैक्ट भ्रष्टाचार के सवाल को उठाते हैं और बड़े पैमाने पर फैली बेरोजगारी वर्तमान में कोविड के बाद वाले भारत की कड़वी वास्तविकता है। फिर भी न केवल भाजपा के मतदाता, बल्कि उसके विरोधी भी दावा कर रहे हैं कि मोदी भाजपा को उसका लगातार तीसरा कार्यकाल दिलाने में मदद करेंगे। मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में तमाम प्रतिकूलताओं का सामना किया है, इसके बावजूद लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के प्रति असाधारण-आशावाद फाइनल शुरू होने से पहले सेमीफाइनल जीत लेने जैसा है। भाजपा के विश्लेषण के मुताबिक उनके कोर-वोटर पार्टी के दायरे से बाहर नहीं गए हैं। बीजेपी जीत रही है का जो माहौल बना है, उसके पीछे यह एक बड़ा फैक्टर है। पिछले पांच वर्षों में, मोदी की सबसे मजबूत अपील लोगों को भारत पर गर्व करें के लिए राजी कर लेने की है।

#### भाजपा के मुकाबले कांग्रेस दिख रही कमजोर

भाजपा की दूसरी महत्वपूर्ण रणनीति विरोधियों को कमजोर करना है। कांग्रेस की सबसे बड़ी विफलता भी यही है। उसे नहीं पता कि भाजपा के मतदाताओं को कैसे लुभाया जाए, जबकि भाजपा क्षेत्रीय खिलाड़ियों के कद को छांटने के लिए बड़ी योजनाएं बना रही है। अगर आपके वोटर घट रहे हों, तब भी जरूरी नहीं कि आप चुनाव हार जाएंगे। 2014 के बाद से भाजपा ने यह सुनिश्चित किया है कि उनके प्रतिद्वंद्वी का जनाधार, विश्वसनीयता और संसाधन न बढ़ें। ईडी और सीबीआई का अति-प्रयोग मुख्य रूप से विपक्ष के दबदबे को कमजोर करने के लिए है।

#### ऐसे बना शहडोल लोकसभा सीट

शहडोल लोकसभा सीट को चार जिलों के हिस्सों से मिलाकर बनाया गया है, जिसमें पूरा अनूपपुर जिला और उमरिया, शहडोल और कटनी जिले के कुछ हिस्से शामिल हैं। इस लोकसभा में भी आठ विधानसभाओं को शामिल किया गया है. जिनमें जयसिंह नगर, जैतपुर, कोतमा, अनूपपुर, पुष्पराजगढ़, बांधवगढ़, मानपुर, बडवारा शामिल है। इन विधानसभाओं में सिर्फ एक विधानसभा को छोड़कर सभी पर बीजेपी ने कब्जा जमाया हुआ है।

#### राजनीतिक ताना-बाना

1996 से लेकर इस सीट पर सिर्फ एक लोकसभा छोड़कर चुनाव को छोड़कर 2019 तक बीजेपी ही जीतते हुए आ रही है। 2009 में यहां से कांग्रेस के टिकट पर राजेश नंदिनी सिंह ने जीत दर्ज की थी, वहीं अगर 2019 के चुनाव की बात की जाए तो यहां पर बीजेपी से हिमाद्री सिंह चुनावी मैदान में थी वहीं कांग्रेस से प्रमिला सिंह चुनावी उम्मीदवार थीं। इस लोकसभा चुनाव में हिमाद्री सिंह को लगभग साढ़े सात लाख वोट मिले थे जबकि प्रमिला सिह साढ़े तीन लाख वोट भी हासिल नहीं कर पाईं थी। तब हिमाद्री ने प्रमिला को करीब 4 लाख वोटों के अंतर से हराया था।

### एक लाख से ज्यादा कीमती गांजा सहित आरोपी पुलिस गिरफ्त मे

# पुरानी बस्ती में गांजा बेचने वाले पर कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही




अनूपपुर।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार भारतीय पुलिस सेवा के निर्देशन एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकट्टा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस के द्वारा अनूपपुर नगर के पुरानी बस्ती में मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले को रंगे हाथों पकड़ा जाकर कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संजय खलको, सहायक उपनिरीक्षक नागेश सिंह, प्रधान आरक्षक महेंद्र राठौर, आरक्षक प्रवीण सिंह एवं महिला आरक्षक उषा की टीम के द्वारा 8 अप्रैल की रात्रि करीब 08:15 बजे सुनील कहार उर्फ शेरा पिता स्वर्गीय मुरारीलाल कहार उम्र करीब 40 साल निवासी वार्ड नंबर 14, पुरानी बस्ती अनूपपुर को कागज के डब्बे (कार्टून) में रख कर ले जा रहे 3 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 36000 रुपए एवं मादक पदार्थ गांजा के क्रय विक्रय हेतु रखे 70500 रुपए नगदी के साथ पकड़ा जाकर जप्ती कार्रवाई की गई एवं आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 216/24 धारा 8/20 स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 में एफआईआर कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

#### लंबे समय से मिल रही थी शिकायत

कोतवाली पुलिस द्वारा रंगे हाथों मादक पदार्थ गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी सुनील कहार के विरुद्ध लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि लुक छिपकर मादक पदार्थ गांजा का व्यापार करता है, जिस पर टीआई कोतवाली अरविंद जैन के नेतृत्व में पुलिस द्वारा सतत निगरानी एवं मुखबिर के माध्यम से आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई। पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी सुनील कहार का पुलिस रिमांड लिया जाकर मादक पदार्थ गांजा के व्यापार में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार के द्वारा अनूपपुर नगर में मादक पदार्थ गांजा का अवैध कारोबार करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के लिए टीआई कोतवाली और उनकी टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।

# घर के बाहर खेल रहे मासूम की शराबी ट्रैक्टर चालक के कुचलने से मौत

अनूपपुर।





सड़क किनारे खेल रहे दस वर्षीय मासूम की शराब पीकर ट्रैक्टर चला रहे युवक ने कुचल कर जान ले ली। घटना राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत ग्राम बेंदी की है। मृत बच्चे का नाम सुमित कुमार पिता संजू कुमार धारवे निवासी आमाचुवा जिला डिंडौरी है जो अपनी नानी के घर आया हुआ था। इस मामले में आरोपित ट्रैक्टर चालक नंदकुमार धुर्वे 32 वर्ष निवासी बेंदी है जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जानकारी अनुसार मंगलवार की सुबह ग्राम पंचायत बेंदी में स्टापडैम का निर्माण कार्य हो रहा है। यहां पानी की जरूरत होने पर ट्रैक्टर द्वारा टैंकर लाने के लिए नंदकुमार धुर्वे को भेजा गया था। नंद कुमार बहुत अधिक शराब पी रखी थी जो ट्रैक्टर चलाते समय वहां पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा था और बस्ती से गुजरते समय मासूम के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। ट्रैक्टर ग्राम मोहदी निवासी तीरथ पवार की है। बताया गया घटनास्थल के पास कुछ और बच्चों के साथ मासूम सुमित भी खेल रहा था। ट्रैक्टर को लहराते हुए आ रहे देख अन्य बच्चे भाग निकले लेकिन घर के किनारे खड़ा सुमित जब तक घर के अंदर जा पाता ट्रैक्टर घर की दीवार के पास आकर उसे चपेट में ले लिया। घटना के बाद आसपास एवं घर के लोगो ने गंभीर रूप से घायल बालक को लेकर ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया पुलिस ने मामले को जांच में लिया हैं।

# मतदान का संदेश देने निकली मतदाता जागरूकता रैली




अनूपपुर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के जनपद पंचायत कोतमा, अनूपपुर, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ के विभिन्न गांवो में ग्राम स्तरीय अमले द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान जनमानस को शतप्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे भी लगाए गए। मतदाता जागरूकता रैली में ग्राम स्तरीय अमले के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं, मोबिलाइजर, स्व सहायता समूह की महिलाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वयंसेवियो ने सहभागिता कर उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन किया।

# कपिला गौशाला कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक में गौरक्षा वर्ष का शुभारंभ

### भारत में गाय को देवी के रूप में पूजा जाता है-स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज



अमरकंटक।

मध्य प्रदेश शासन से प्राप्त पत्र क्रमांक 801 गौशाला 2024 -25 के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य के अंतर्गत जितनी भी गौशालाएं संचालित हैं। उनको इस वर्ष 2024 से 25 तक गौ रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जाना है। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस गुड़ी पड़वा के पावन पर्व पर कपिला गौशाला अमरकंटक जिसको कल्याण सेवा आश्रम के द्वारा संचालित किया जाता है। इस अवसर पर आश्रम के प्रबंध निवासी स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज जी के द्वारा गौ माता की तिलक वंदन एवं पूजन के पश्चात गौ रक्षा वर्ष में भागीदारी बने स्वामी जी ने बताया गौ सेवा में जो सुख है वह किसी में नहीं है भारतवर्ष में गाय को गाय न मानते हुए गाय माता कहा जाता है जो की जो कि पुराने में भी उल्लेख है कि गाय माता में हजारों तरह के बीमारियों को नाश करने वाले गुण पाए जाते हैं जिसकी सेहतमंद दूध का सेवन कर हजारों तरह की बीमारियों से लड़ने की अपने शरीर की क्षमता को बढ़ाते हैं और गाय से निर्मित कोई भी पदार्थ चाहे दूध हो गोबर हो या गोमूत्र हो उसका उपयोग हमारे सनातन धर्म में कहीं न कहीं मिलता है इसलिए वर्तमान समय में गौ रक्षा करना हमारे लिए एक बहुत बड़ा कर्तव्य है और हर्ष का विषय है। स्वामी हिमाद्री मुनि के अलावा श्री कल्याण सेवा आश्रम के अन्य संतों में स्वामी हर स्वरूप महाराज स्वामी हनुमान दास महाराज स्वामी जगदीश आनंद महाराज स्वामी धमार्नंद महाराज स्वामी नर्मदानंद महाराज स्वामी रामेश्वरा नंद महाराज स्वामी धूनी दास महाराज के अलावा संदीप ज्योतिषी मुकेश बिलागर गौशाला परिवार के सदस्य एवं सदस्य गण व पत्रकारगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में कपिला गौशाला के डॉक्टर अनिल गौर ने सभी का आभार व्यक्त किया। गायों के उत्थान के लिए कपिला गौशाला अमरकंटक में डॉक्टर अनिल गौर के द्वारा एक लाख रूपए एवं अन्य दानदाताओं के द्वारा गुड चोकर व भूसा का दान दिया गया।